भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या:2285

दिनांक 31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

पीएमएसएसवाई के अंतर्गत एम्स की स्थापना

†2285. श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर:

श्रीमती भारती पारधी:

श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या 'प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना' (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत उन्नत एवं किफायती चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे राष्ट्रीय स्तर के चिकित्सा संस्थान की स्थापना संबंधी कोई प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश में एम्स संस्थानों की स्थापना के लिए भूमि की उपलब्धता अथवा भूमि को चिह्नित करने के संबंध में संबंधित राज्य सरकारों से केंद्र सरकार को कोई आधिकारिक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है अथवा पत्राचार किया गया है;

(ग) उक्त राज्यों में रोगियों के अत्यधिक भार को कम करने के लिए प्रमुख गवर्नमेंट तथा नगर निगम अस्पतालों में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉकों को बढ़ाने हेतु विगत तीन वर्षों के दौरान केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई कुल वित्तीय सहायता कितनी है;

(घ) उक्त राज्यों में पीएमएसएसवाई के अंतर्गत अन्य चिकित्सा महाविद्यालयों के उन्नयन हेतु वर्तमान में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) उक्त राज्यों में तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा चिकित्सा अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए आगामी वर्षों हेतु केंद्र सरकार की भावी कार्ययोजना क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ङ) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत महाराष्ट्र के नागपुर तथा मध्य प्रदेश के भोपाल में एक-एक एम्स की स्थापना की गई है और दोनों संस्थान कार्यशील हैं। ये दोनों एम्स शिक्षण, अधिगम एवं अनुसंधान, आईपीडी/ओपीडी सुविधाएँ, आपातकालीन एवं ट्रॉमा सेवाएँ, नैदानिक

सुविधाएँ, विभिन्न विशेषज्ञता एवं सुपर-विशेषज्ञता विभाग, अमृत फार्मेसी, जन औषधि केंद्र आदि के साथ संचालित हैं। जैव-चिकित्सा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना नए एम्स का प्रमुख ध्यान केन्द्रित करने वाले क्षेत्र है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) नए एम्स में अनुसंधान परियोजनाएँ संचालित करने के लिए अनुसंधान अनुदान प्रदान कर रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनके कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) में राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत आवश्यकताओं के आधार पर, उनके समग्र संसाधन आवंटन सीमा के भीतर, स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु वित्तीय एवं तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है। वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत अवसंरचना सुदृढ़ीकरण के लिए महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश राज्यों की राज्य कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (एसपीआईपी) के अनुमोदन का विवरण निम्न प्रकार है:

(करोड़ रुपए में)

वित्त वर्ष	एसपीआईपी अनुमोदन	
	महाराष्ट्र	मध्य प्रदेश
2023-24	601.34	426.80
2024-25	800.12	331.02
2025-26	617.20	527.81

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के तहत वित्त वर्ष 2023 -24 से 2025-26 तक महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों के लिए केंद्र द्वारा जारी की गई निधि का विवरण नीचे दिया गया है:

(करोड़ रुपए में)

वित्त वर्ष	केंद्र द्वारा जारी निधि	
	महाराष्ट्र	मध्य प्रदेश
2023-24	31.76	228.52
2024-25	65.48	63.19
2025-26	221.13	130.42

महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों के अन्य मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

अनुलग्नक

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत उन्नयन हेतु स्वीकृत महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज/संस्थान (जीएमसी)

राज्य	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज /संस्थान (जीएमसी) का नाम	अनुमोदित अवसंरचना	स्थिति
मध्य प्रदेश	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, रेवा	सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक	पूर्ण
	नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर	सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक	पूर्ण
	जी.आर. मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर	सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक	पूर्ण
	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, इंदौर	सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक	पूर्ण
महाराष्ट्र	ग्रांट मेडिकल कॉलेज एंड सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुंबई	चिकित्सा उपकरणों की खरीद	पूर्ण
	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, नागपुर	चिकित्सा उपकरणों की खरीद	पूर्ण
	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, औरंगाबाद	सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक	पूर्ण
	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, लातूर	सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक	पूर्ण
	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, अकोला	सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक	पूर्ण
	श्री वसंतराव नाइक गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, यवतमाल	सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक	पूर्ण

*****